उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

अंबेडकर नगर में डीएम एसपी ने श्रवण क्षेत्र घाट का निरीक्षण किया।



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अंबेडकर नगर। दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंडल ब्यूरो चीफ इंद्रेश कुमार मिश्रा, अयोध्या के अनुसार, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत एडीएम, सीओ सिटी, खंड विकास अधिकारी कटेहरी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने श्रवण क्षेत्र घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी कटेहरी को मूर्ति विसर्जन के लिए गड्ढा खुदवाने के आदेश दिए। प्रशासन ने विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा और किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए।

एक नज़र में

शिकारपुर में सपा प्रत्याशी पिंटू प्रमुख की साइकिल यात्रा, उमड़ा जनसैलाब।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

राजनीति

शिकारपुर में सपा प्रत्याशी पिंटू प्रमुख की साइकिल यात्रा, उमड़ा जनसैलाब।





सह संपादक अशोक नेताजी बुलंदशहर/शिकारपुर।* जनपद बुलंदशहर की शिकारपुर विधानसभा सीट पर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पिंटू प्रमुख ने साइकिल यात्रा निकाल कर अपनी ताकत का एहसास कराया।यह विशाल साइकिल यात्रा नगरिया, सिद्धगढी, वुढांसी, पीतमपुर, कस्बा डडू, वहलोलपुर सहित विधानसभा के दर्जनों गांवों से होकर निकली। यात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सैकड़ों साइकिल,मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों के साथ समर्थकों का हुजूम सड़कों पर उतर आया। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया।यात्रा को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इतनी बड़ी संख्या में भीड़ देखकर विरोधी दलों में खलबली मची हुई है।